2   2020/00511

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी/अपीलांट बनाम **अप्रार्थी/रेस्पोडेन्ट**

श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री मीठालाल
मार्फत मूलचंद फुलचंद शाह
निवासी मोदी लाइन सिरोही
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
तहसीलदार पिण्ड़वाड़ा

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 65 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
14.10.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी पिण्ड़वाड़ा को दिनॉक 18.06.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मौजा नया सानवाड़ा के खाता सं. 253 के बंटवारनामा हेतु आवेदन उपरान्त प्रक्रिया की जानकारी से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी पिण्ड़वाड़ा को दिनॉक 18.06.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मौजा नया सानवाड़ा के खाता सं. 253 के बंटवारनामा हेतु आवेदन उपरान्त प्रक्रिया की जानकारी से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। उपखण्ड़ अधिकारी पिण्ड़वाड़ा द्वारा जरिये पत्र क्र. 210 दिनांक 08.07.2020 के द्वारा अपीलांट का प्रार्थना पत्र तहसीलदार पिण्ड़वाड़ा को स्थानान्तरण कर दिया, किन्तु चाही गई सूचना अपीलांट को उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्ड़वाड़ा को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली [illegible] हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.01.12 16:54:44 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner